दिन– शनिवार दिनांक– 12/10/2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 03:10 बजे से। अवधि – 05 मिनट

---

देशभर में आज बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक दशहरा का त्योहार पूरी श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास का वातावरण है। विजयादशमी के अवसर पर राजधानी पटना के गांधी मैदान में रावण वध का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। हमारे संवाददाता ने बताया कि इस बार रावण का अस्सी फीट, कुभंकरण का पचहत्तर फीट और मेघनाद का सत्तर फीट ऊंचा पुतला बनाया गया है। राजधानी पटना और आस–पास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रावण वध कार्यक्रम देखने के लिए पहुंच रहे हैं। गांधी मैदान के अलावा पटना में सत्रह स्थानों पर रावण दहन के कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। रावण वध के लिए शाम चार बजे नागा बाबा ठाकुरबारी से शोभा यात्रा निकलेगी, जो शाम पांच बजे गांधी मैदान पहुंचेगी। इसके बाद रावण दहन कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत होगी।

———————————————————

पटना के जिलाधिकारी चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि कार्यक्रम के दौरान किसी भी आपदा से निपटने के लिए सरकारी और निजी अस्पतालों को अलर्ट मोड पर रखा गया है। इधर, वरीय पुलिस अधीक्षक राजीव मिश्रा ने बताया कि सुरक्षा के लिए एक सौ अट्ठाईस सीसीटीवी कैमरे, तेरह वाच टावर और बाइक दस्ते तैनात किये गए हैं।

———————————————————

प्रदेश के विभिन्न जिलों में भी रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। बेतिया से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में विजयादशमी के साथ ही कलश विसर्जन को लेकर लोगों में उत्साह देखा जा रहा है। बेतिया के जोड़ा शिवालय मे रावण दहन किया जाएगा। औरंगाबाद से हमारे संवाददाता ने बताया है कि जिले में दशहरा के अवसर पर कई स्थानों पर रावण दहन कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————

दशहरा के मौके पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों को शुभकामनाएं दी हैं। इधर, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी लोगों को विजयादशमी की शुभकामनाएं दी है। राज्यपाल श्री आर्लेकर ने अपने संदेश में कहा है कि ये पर्व हमें ईमानदारी, सचरित्रता, सहिष्णुता, सेवा, करूणा जैसे मूल्यों को आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने संदेश में लोगों से सौहाद्रपूर्ण वातावरण में इस पर्व को हर्षोल्लास के साथ मनाने की अपील की है।

———————————————————————

दक्षिण रेलवे के चेन्नई डिवीजन में गुम्मिडिपोंडी के पास कवरपेट्टई में कल रात हुई ट्रेन दुर्घटना की उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए गए हैं। मैसूर–दरभंगा बागमती एक्सप्रेस पोन्नेरी से गुजर रही थी, तभी यह ट्रेन वहां खड़ी मालगाड़ी से टकरा गई। इस दुर्घटना में घायल हुए सोलह यात्रियों का विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है। दक्षिण रेलवे के महाप्रबंधक ने बताया कि उच्च स्तरीय समिति द्वारा जांच के नतीजे आने के बाद दुर्घटना के कारणों का पता लग सकेगा। उन्होंने कहा कि मरम्मत का काम जोरों पर चल रहा है। यातायात सुचारू करने में दस घंटे से अधिक का समय लग सकता है। रेलवे सुरक्षा आयुक्त ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया और स्थिति की समीक्षा की है। इधर, हादसे के बाद दक्षिण रेलवे की ओर से दुर्घटनाग्रस्त ट्रेन के यात्रियों को उनके गणंतव्य तक पहुंचाने के लिए चेन्नई सेंट्रल से एक विशेष ट्रेन रवाना की गयी है।

———————————————————————

प्रख्यात समाजवादी चिंतक डॉक्टर राम मनोहर लोहिया की पुण्यतिथि पर आज उन्हें श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के लोहिया पार्क में आयोजित राजकीय समारोह में राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह और उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित अनेक गणमान्य लोगों ने डॉक्टर लोहिया की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

———————————————————————

प्रदेश में पश्चिमी हवा के प्रभाव से तापमान में धीरे– धीरे कमी दर्ज की जा रही है। हालांकि तापमान अब भी सामान्य से एक से दो डिग्री अधिक बना हुआ है। मौसम

विज्ञान केंद्र, पटना की वैज्ञानिक ने बताया कि अगले चौबीस घंटे के दौरान प्रदेश में मौसम शुष्क बना रहेगा तथा आंशिक रूप से बादल छाये रहेंगे।

———————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। एक छोटे अंतराल के बाद आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।